प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 जुलाई 2024

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – जून 2024

जून 2024[1] महीने के लिए 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़े, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 95 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] में जून 2024[3] में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले यह प्रतिकूल आधारभूत प्रभाव के कारण 16.3 प्रतिशत थी।

बैंक ऋण[3] के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों हेतु प्रदत्त ऋण में जून 2024 में वृद्धि 17.4 प्रतिशत (व-द-व) पर मजबूत थी, हालांकि, एक साल पहले के 19.7 प्रतिशत की तुलना में कम थी।

- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में जून 2024 में 7.7 प्रतिशत (व-द-व) की वृद्धि हुई, जबकि जून 2023 में यह 7.4 प्रतिशत थी। प्रमुख उद्योगों में, ‘रसायन और रासायनिक उत्पाद’, ‘खाद्य प्रसंस्करण’, और ‘इन्फ्रास्ट्रक्चर’ की ऋण वृद्धि (व-द-व) में जून 2024 में तेजी आई। तथापि, ‘मूल धातु और धातु उत्पाद’, ‘पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद तथा परमाणु ईंधन’ और ‘कपड़ा‘ की ऋण वृद्धि धीमी हुई।

- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि जून 2024 में काफी कम होकर 15.1 प्रतिशत (व-द-व) पर रही, जबकि एक साल पहले यह 26.8 प्रतिशत थी, जो मुख्य रूप से ‘गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी)’ और ‘व्यापार’ खंड में प्रदत्त ऋण में कम वृद्धि की वजह से थी।

- वैयक्तिक ऋणों की वृद्धि एक साल पहले के 21.3 प्रतिशत से घटकर जून 2024 में 16.6 प्रतिशत (व-द-व) हो गई, जो मुख्यत: ‘अन्य वैयक्तिक ऋणों’ और ‘सावधि जमा पर अग्रिम’ में वृद्धि में कमी की वजह से थी। तथापि, इस खंड के सबसे बड़े घटक ‘आवास’ की ऋण वृद्धि में तेजी आई।

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/803

---

[1] आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़े माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा-42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

[3] किसी बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को छोड़कर।